# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 मई 2024** **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के पांच चरणों का मतदान संपन्न होने के बाद अब राजनीतिक दलों ने छठे और अंतिम चरण के मतदान के लिए अपनी ताकत झोंक दी है। सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभाए, रैलियां और रोड–शो कर के मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रयागराज के परेड मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आस्था और विकास का नारा देकर विपक्ष पर करारा प्रहार किया। उन्होंने का कहा कि सुशासन और आस्था से कांग्रेस और सपा गठबंधन का छत्तीस का रिश्ता है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में विकास के बारे में सोचा ही नही जा सकता। श्री मोदी ने सपा और कांग्रेस पर तुष्टिकरण को लेकर प्रतियोगिता करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की नाव डूब रही है इसलिए उसके नेता लगातार झूठ बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुच रहे हैं। वहां वह पच्चीस हजार से अधिक महिलाओं से संवाद करेंगे। उधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कई स्थानों पर चुनावी रैलियों को संबोधित किया। बलरामपुर जिले के विशुनपुर विश्राम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने विपक्षी दलों के नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हमेशा केवल घोटालों को बढ़ावा दिया।

जबकि भाजपा सरकार ने देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सीमाओं को सुरक्षित किया है और देश के लोगों को नये भारत का दर्शन कराया है। डुमरियागंज के राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज के मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और माफिया का चोली–दामन का साथ रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार की संवेदना गरीबों के साथ नही माफियों के साथ थी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजमगढ़ के खरेवां सरायमीर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार पिछले दस वर्षो से लूट की झूठ के साथ देश में जमी हुई है। देश की जनता इस बात को समझ चुकी है। उन्होंने बीते दिनों हुए प्रतियोगी परिक्षाओं के दौरान पेपर लीक प्रकरण की भी मंच से चर्चा की। कहा कि पेपर लीक होने पर परीक्षाए रद्द करनी पड़ी जिससे नौकरी का उम्मीद लागाये लोगों को निराशा का सामना करना पड़ा। बसपा प्रमुख मायावती ने आज जौनपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूरखो ने संविधान के खिलाफ कार्य किया है। भाजपा भी इसी राह पर चली है उन्होंने भाजपा पर कथनी और करनी में अंतर का आरोप लगाया।

**********

लोकसभा चुनाव के पांच चरण के मतदान संपन्न हो जाने के बाद अब छठे और सातवे चरण के मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान को तेज कर दिया गया है। अंतिम दो चरणों के मतदान वाले संसदीय क्षेत्रों में मतदान को प्रेरित करने के लिए जिला प्रशासन और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा विविध अयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गोरखपुर में जिला प्रशासन की एक अनोखी पहल देखने को मिल रही है। वहां जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्णा करुणेश द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के नाम पर एक आमंत्रण पत्र डिजिटल माध्यम से लोगों तक भेजा जा रहा है। निमंत्रण कार्ड के स्वरूप के इस आमंत्रण पत्र से लोगों को एक जून को मतदान करने के लिए बुलावा दिया जा रहा है।

**********

बुद्ध पूर्णिमा का पर्व आगामी तेइस मई को श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में विशेष आयोजन की तैयारी है। इस अवसर पर वहां होने वाले आयोजन को लेकर भारतीय एवं विदेशी बौद्ध विहारों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। भिक्षु संघ आयोजन समिति के संयोजक टी.के.रॉय ने बताया कि कल शाम महापरिनिर्वाण बुद्ध मन्दिर में विशेष पूजा होगी तथा रात में धम्मदेशना का कार्यक्रम आयोजित होगा। तेइस मई की सुबह बुद्ध जयंती समारोह का प्रारंभ प्रभात फेरी और रथयात्रा से होगा। मुख्य कार्यक्रम म्यामांर बौद्ध मंदिर में होगा। म्यामांर के राजदूत ऊ मो चो आंग इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे।

**********

सिद्धार्थनगर और महराजगंज के तराई क्षेत्रों में कल शाम हुई बारिश के कारण गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों का तापमान गिर गया है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, आजमगढ, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर जिलों में गरज चमक के साथ बूंदा–बांदी से लेकर हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई है, उधर प्रदेश में हीट वेव के असर को देखते हुए मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को 25 मई तक के लिये बंद कर दिया गया है।

**********